# डिफेंस कॉरिडोर में दूसरे चरण के लिए भूमि आवंटन की दरें निर्धारित

## राष्ट्रीय राजमार्ग-34 आगरा दिल्ली रोड पर विकसित हो रहा डिफेंस कॉरिडोर

**कवायद**

अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। एनएच 34 आगरा दिल्ली हाइवे पर विकसित हो रहे डिफेंस कॉरिडोर के दूसरे नोड को लेकर यूपीडा ने भूखंड आवंटन की दरें निर्धारित कर दी हैं। निवेशकों को निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से जमीन के लिए आवेदन करना होगा। यूपीडा ने 4005 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर की दर से आवंटन रेट तय किया है। 85 हेक्टेयर से अधिक जमीन यूपीसीडा दूसरे नोड के लिए अधिग्रहित करेगा।

अलीगढ़ में पलवल दिल्ली हाइवे के बाद अब धनीपुर एअरपोर्ट से तीन किलोमीटर दूर जशरथपुर गांव में यूपीडा दूसरे चरण के तहत डिफेंस कॉरिडोर विकसित करेगा। इसको लेकर जमीन अधिग्रहण का काम 90 फीसदी पूरा कर लिया गया है। यहां पर बड़े निवेशकों को भूमि आवंटित की जाएगी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट एथॉरिटी (यूपीडा) ने अलीगढ़, आगरा, झांसी व चित्रकूट में लैंड आवंटन को लेकर दरें तय की हैं। भूखंड आवंटन को लेकर निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। निवेशक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से सरकार के साथ किए गए एमओयू के साथ आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ इकाई स्थापना संबंधित रिपोर्ट भी लगानी होगी। दूसरे फेज में जमीन आवंटन को लेकर यूपीडा ने दरें 4005 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निर्धारित की हैं। पहले फेज में खुली बोली में यूपीडा के अफसरों ने निवेशकों की मांग पर जमीन आवंटित कर दी थी। लेकिन इस बार बदलाव किया गया है। निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से निर्धारित बेसिक रेट पर आवंटन किया जाएगा।

### प्रक्रिया

- 4005 रुपये प्रति स्क्वायर मीटर की दर से होगा आवंटन
- जमीन के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर करना होगा आवेदन
- पहले चरण में खुली बोली में किया गया था जमीन का आवंटन
- धनीपुर एयरपोर्ट से 3 किलोमीटर दूर यूपीडा ने अधिग्रहित की है भूमि
- निवेशकों को स्टांप ड्यूटी में 100 फीसदी दी जाएगी छूट
- 85 हेक्टेयर में करीब 70 हेक्टेयर जमीन यूपीडा ने की अधिग्रहित

### निवेशकों को स्टांप ड्यूटी में 100 फीसदी की छूट

यूपीडा ने निवेशकों को आवंटन में एक और बड़ी राहत दी है। स्टांप ड्यूटी में आवंटियों को 100 फीसदी की छूट दी जाएगी। एंकर यूनिटों को 25 फीसदी का अतिक्ति लाभ दिया जाएगा। निवेशक निवेश मित्र पोर्टल या फिर यूपीडा की वेबसाइट पर इसको लेकर जानकारी ले सकते हैं। अलीगढ़ में दूसरे चरण में विकसित हो रहा डिफेंस कॉरिडोर नोड यमुना एक्सप्रेसवे से 82 किलोमीटर, रेलवे स्टेशन अलीगढ़ से 16 किलोमीटर व धनीपुर हवाई अड्डे से 3 किलोमीटर दूर है।

### ग्रीन एरिया भी विकसित करेगा यूपीडा

यूपीडा के एक्सईएन प्रदीप शरद ने बताया कि मार्च माह में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने को लेकर डीपीआर शासन को जाएगी। इसमें चौड़ी रोड, स्ट्रीट लाइट, 24 घंटे बिजली सप्लाई, ग्रीन एरिया, पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज सिस्टम, एसटीपी और ऑनलाइन आवेदन एवं आवंटन की सुविधा होगी। मुख्यालय स्तर से आवंटन की दरें तय कर दी गई हैं। निवेशक निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।